डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

पत्रांक : लो0अ0वि0/गो0वि0/2019/1107 दिनांक : 11.04.2019

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,
अयोध्या।

विषय : मुख्य परीक्षा वर्ष 2019 की प्रयोगात्मक परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय,

संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अंक आवण्टन की आनलाइन व्यवस्था के अन्तर्गत प्रायोगिक परीक्षा अभी तक सम्पन्न नहीं कराई गई है। ऐसे समस्त महाविद्यालयों को एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 20 अप्रैल, 2019 तक प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न करवा लें अन्यथा उ0प्र0 शासन के निर्देशानुक्रम में परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की समयबद्व प्रक्रिया बाधित हो सकती है। ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

अतः आदेशानुसार अवगत कराना है कि सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर आनलाइन प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रायोगिक परीक्षाएं प्रत्येक दशा में 20 अप्रैल, 2019 तक सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय वेबसाइट व महाविद्यालयों की लागिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
2. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति, मा0 प्रति कुलपति के सूचनार्थ।
4. पत्रावली।

परीक्षा नियन्त्रक